रिलायंस इंडस्ट्रीज में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की टीम ने लगाया कैंप

रिलायंस इंडस्ट्रीज में लगाए गए कैंप का दृश्य। (छेव)

होशियारपुर, 13 अगस्त (जैन): शाखा कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम की टीम द्वारा आज रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कैंपस में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बीमा कृत व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड को बीमा संख्या के साथ लिंक किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक के.जी. गुप्ता ने सभी बीमा कृत व्यक्तियों को ई.एस.आई.सी. मुख्यालय न्यू दिल्ली के दिशा निर्देश के अनुसार जल्दी से जल्दी अपने आधार कार्ड को बीमा संख्या के साथ लिंक करने की अपील की गई ताकि भविष्य में सभी प्रकार के हित लाभ प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो।

इस अवसर पर ई.एस.आई.सी. की तरफ से जसदीप मल और रिलायंस इंडस्ट्रीज से मानव संसाधन प्रमुख अविनाश कुमार सिंह, भूपिन्द्र सिंह, रा नाथ व मोहन लाल उपस्थित थे।